## निकलीं विसर्जन यात्राएं, ढोल-ताशों पर झूमे श्रद्धालु; अगले बरस जल्दी आने की कामना

# 'गणपति बप्पा मोरया'

## श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ विसर्जन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गणेशोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को राजधानी भोपाल की विभिन्न कॉलोनियों और रहवासी क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। सुबह से ही कॉलोनियों में 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती कर भगवान श्री गणेश को विदाई दी। विसर्जन से पहले कई कॉलोनियों में विशेष आरती, भंडारे और प्रसादी वितरण के आयोजन हुए। इसके बाद ढोल-ताशों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थल के लिए रवाना हुए। विसर्जन यात्राओं में युवाओं के साथ महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी उत्साह के साथ शामिल हुए।







### कॉलोनियों में दिखा उत्साह

*शहर की विभिन्न कॉलोनियों में गणेश उत्सव समितियों की ओर से आकर्षक झांकियां और विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। कई स्थानों पर श्रद्धालु गुलाल उड़ाते और नृत्य करते नजर आए। उत्सव समितियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रतिमाओं को निर्धारित विसर्जन स्थलों तक ले जाने की व्यवस्था की। विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए समितियों की ओर से स्वयंसेवकों की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से परिवार और शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही कई स्थानों पर अगले वर्ष फिर गणेश उत्सव मनाने का संकल्प लिया गया। पूरे शहर में भक्ति, उत्साह और भावुक विदाई का माहौल रहा।*

# अवधपुरी में बुजुर्ग पर हथौड़ी से हमला घर में घुसे दो बदमाशों की तलाश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अवधपुरी की श्रीराम कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर घर में घुसे दो बदमाशों ने 71 वर्षीय बुजुर्ग मोहन चौधरी पर हथौड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने पर उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

मोहन चौधरी पन्ना की हीरा खदान से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं और पत्नी के साथ श्रीराम कॉलोनी में रहते हैं। घटना के समय उनकी पत्नी और केयरटेकर घर में मौजूद थीं, जबकि उनका बेटा नौकरी के सिलसिले में बाहर गया था। दो संदिग्ध घर में दाखिल हुए। मोहन ने उन्हें देखकर विरोध किया, जिसके बाद आरोपितों ने उनके सिर पर हथौड़ी से वार कर दिया और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, वारदात का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। लूट के प्रयास सहित अन्य संभावित कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने घर में मौजूद केयरटेकर की भूमिका को भी जांच के दायरे में रखा है और उसका मोबाइल जब्त कर कॉल डिटेल की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। घायल मोहन के सिर में 45 टांके आए हैं। रहवासियों के अनुसार, हमले के बाद फर्श और गैलरी में खून के निशान मिले। वारदात के बाद बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी अवधपुरी थाने पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई।

## 59 माह के पेंशन एरियर्स पर वित्त विभाग की कार्यवाही से पेंशनरों में आक्रोश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 59 माह के पुनरीक्षित पेंशन एरियर्स के भुगतान के मामले में वित्त विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद कुमार सक्सेना ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पेंशनरों के हित में लिए गए निर्णय के समय पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी वित्त विभाग की थी, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण पेंशनरों को लंबे समय तक उनके वित्तीय लाभ से वंचित रहना पड़ा। सक्सेना के अनुसार, छठवें वेतन आयोग के 32 माह और सातवें वेतन आयोग के 27 माह के पुनरीक्षित पेंशन एरियर्स के मामलों में न्यायालय के आदेश के बाद वित्त विभाग ने विभागाध्यक्षों, आयुक्तों और कलेक्टरों को न्यायालयीन प्रकरणों में स्थगन आदेश प्राप्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसोसिएशन ने इसे सरकार के निर्णय की भावना के विपरीत बताया है।

संरक्षक गणेश दत्त जोशी ने कहा कि प्रशासनिक देरी का भार पेंशनरों पर नहीं डाला जाना चाहिए। भोपाल जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर एरियर्स भुगतान के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की गई है।

## कुपोषण से निपटने पोषण व्यवस्था को मजबूत किया जा रहाः रश्मि

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मध्य प्रदेश में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और कुपोषण से निपटने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। विभाग की सचिव जी.वी. रश्मि ने शुक्रवार को विदिशा जिले का भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण पुनर्वास केंद्र और सामुदायिक रसोई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता भी उनके साथ रहे। सचिव ने ग्राम कुआंखेड़ी स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार, स्वास्थ्य सुविधाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इसके बाद खरी, अटारीखेजड़ा क्रमांक-2 एवं 3 और मानोरा क्रमांक-2 स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

ग्यारसपुर स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में उन्होंने कुपोषित और अतिगंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाओं और पुनर्वास की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों और उनके परिवारों से संवाद कर उपचार की स्थिति जानी। सचिव ने कहा कि कुपोषण से निपटने के लिए केवल भोजन उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है। नियमित निगरानी, समय पर पहचान, उपचार और परिवार की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने ग्यारसपुर में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित सामुदायिक रसोई का भी निरीक्षण किया। यहां आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे पौष्टिक पोहा की गुणवत्ता जांची। रश्मि और कलेक्टर ने स्वयं पोहा चखकर भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया।

## सीएम हेल्पलाइन और संबल योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही स्वीकार्य नहीं : श्रम सचिव

भोपाल। सीएम हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा के दौरान श्रम सचिव रघुराज राजेन्द्रन ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। राज्य स्तर पर सीएम हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना से संबंधित लंबित शिकायतों और प्रकरणों की लगातार समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

समीक्षा में सामने आए लंबित प्रकरणों को लेकर छिंदवाड़ा, हरदा और बालाघाट जिलों के संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों में तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष विषय पर आलेख लेखन प्रतियोगिता

### हिंदी पखवाड़ा के तहत आयोजन, पत्रकारिता की विकास यात्रा और डिजिटल दौर पर हुई चर्चा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के शैलकला सभागार में हिंदी पखवाड़ा के तहत 'हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष' विषय पर आलेख लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

आयोजन संग्रहालय की राजभाषा इकाई द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक हेमंत बहादुर सिंह परिहार और एन. सकमाचा सिंह रहे। इस अवसर पर श्री परिहार ने वर्ष 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रकाशित पहले हिंदी समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' से लेकर आधुनिक डिजिटल पत्रकारिता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। राजभाषा अधिकारी राजेंद्र कुमार झारिया ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के विषय और उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में संग्रहालय के कई प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### जना कृष्णमूर्ति की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. के. जना कृष्णमूर्ति की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्र और संगठन के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और सेवा-भाव सदैव प्रेरणादायी रहेगा। स्व. के.जना कृष्णमूर्ति का योगदान सार्वजनिक जीवन में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# 11वां आयुर्वेद दिवस : स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** आरोग्य केंद्र में 11वां आयुर्वेद दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' थीम पर केंद्रित रहा। इस दौरान लोगों को जागरूक करने और दैनिक जीवन में आयुर्वेद की भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन और आरती के साथ किया। इस अवसर पर आमजन के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक पंजीकरण एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। एक दिवसीय विशेष शिविर में निःशुल्क स्वेदन चिकित्सा भी आयोजित की गई। डॉ. टेवानी ने आयुर्वेद को भारतीय धरोहर बताते हुए कहा कि यह केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि संतुलित आहार और प्राकृतिक दिनचर्या के माध्यम से स्वास्थ्य संरक्षण पर भी बल देता है। संस्था द्वारा योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से जन-स्वास्थ्य जागरूकता की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती हैं।

## मानवता का महापर्व रक्तदान : बैरागढ़ में आज लगेगा शिविर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** हिरदाराम नगर में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 26 सितंबर को बैरागढ़ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन (स्काईलैंड गार्डन के पास) में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

ब्रांच संयोजक महेश वीधानी ने सभी से इस परोपकारी सेवा में सहभागी बनने और दूसरों को प्रेरित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर ही रक्त देने का एकमात्र जरिया है और एक यूनिट रक्त किसी पीड़ित की जान बचा सकता है। यह शिविर 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं' के संदेश को चरितार्थ करने का प्रयास है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से लगातार आयोजित हो रहे इस शिविर में वर्ष 2025 में 505 यूनिट रक्तदान हुआ था। सेवादल द्वारा शिविर की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

## मुख्यमंत्री ने अनंत चतुर्दशी की दीं शुभकामनाएं

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश और भगवान श्री विष्णु की कृपा से हम सभी के जीवन में सुख , शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की वृद्धि हो। उन्होंने मंगलकामना की कि यह पावन पर्व हम सभी के जीवन से हर बाधा और विघ्न को दूर करे तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।

# गजराजों के विश्राम और सेवा का पर्व हाथी पुनर्यौवनीकरण कैंप शुरू

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की देखभाल, स्वास्थ्य और पुनर्यौवनीकरण को समर्पित 'हाथी पुनर्यौवनीकरण' कैंप-2026 का शुभारंभ गुरुवार को परासी गेट के समीप धमोखर बफर क्षेत्र में हुआ। कार्यक्रम में उमरिया कलेक्टर राखी सहाय, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक योहान कटारा ने बताया कि कैंप का उद्देश्य हाथियों को नियमित कार्य से विश्राम देना, उनके स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करना और उन्हें पौष्टिक व पसंदीदा आहार उपलब्ध कराना है। इससे हाथियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। कैंप में नन्हा नर हाथी 'कृष्णा' आकर्षण का केंद्र रहा। अपनी चंचलता और मासूम अंदाज से उसने सभी का ध्यान खींचा। कृष्णा का जन्म अक्टूबर 2025 में बांधवगढ़ में हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31 दिसंबर 2025 को बांधवगढ़ प्रवास के दौरान उसका नामकरण किया था। वर्तमान में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 15 कैंप हाथी कार्यरत हैं। इनमें चार हाथी रेस्क्यू ऑपरेशन और दो अनुश्रवण कार्य में लगे हैं। शेष नौ हाथियों को कैंप में शामिल किया गया है। यहां उनके स्वास्थ्य परीक्षण, पौष्टिक भोजन और विशेष देखभाल की जा रही है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Mohammad Jameel Mansoori S/O Mohammad Rais Mansoori निवासी 27, मालीपुरा पीरगेट भोपाल 462001 (मध्य प्रदेश) घोषणा करती हूं कि मेरा पुराना नाम Mohammad Jameel था जो कि मेरे पूर्व पासपोर्ट पर लिखा है जिसे मैंने बदलकर Mohammad Jameel Mansoori S/O Mohammad Rais Mansoori (नया नाम) रख लिया है अब मुझे इसी नए नाम से जाना पहचाना जाए।

1774

## कार्यालय आयुक्त, कोष एवं लेखा म.प्र.

**खण्ड 'अ' पंचम तल, पर्यावास भवन, भोपाल**

**क्रमांक/DTA/प्रोजेक्ट स्टोर/2026/248** — **भोपाल, दिनांक 24-09-2026**

### निविदा सूचना

कार्यालय आयुक्त, कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश पर्यावास भवन भोपाल में Desktop/MFM Printer/Photocopier क्रय किये जाने हेतु निविदा क्र. GEM/2026/B/8077834 आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें GEM Portal पर उपलब्ध हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | निविदा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | निविदा जारी करने की तिथि | दिनांक - 24/09/26 |
| 2. | निविदा फार्म आनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय। | दिनांक 15/10/26 को अपराह्न 4.00 बजे तक |
| 3. | निर्धारित समयावधि में प्राप्त निविदाओं को खोले जाने की तिथि एवं समय । | 1. तकनीकी निविदा दिनांक - 15/10/26<br>2. वित्तीय निविदा-दिनांक-27/10/26 |

निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगे।
आयुक्त, कोष एवं लेखा के पास निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

संयुक्त संचालक
कोष एवं लेखा

जी-19070/26


## मेक इन इंडिया के 12 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**नप्र, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मेक इन इंडिया' के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विनिर्माण, नवाचार और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' की सोच ने भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। आत्मनिर्भरता, रोजगार और औद्योगिक विकास को गति देने वाली यह यात्रा 'विकसित भारत' के संकल्प को सशक्त आधार प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया।


## नाम परिवर्तन सूचना

पूर्व में मेरा नाम अफसर (AFSAR) था, जो कि मेरे पासपोर्ट पर दर्ज है अब मेरा नाम बदलकर पूरा एवं सही नाम अफसर खान (AFSAR KHAN) आत्मज अब्दुल रहीम खान (ABDUL RAHIM KHAN ) निवासी म.नं.32/18 इस्लामी गेट मेन रोड शाहजहानाबाद भोपाल (मध्य प्रदेश) हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। अतः पुनः मेरा नाम अफसर खान आत्मज अब्दुल रहीम खान हो गया है भविष्य में समस्त दस्तावेजों में भी इसी नाम से जाना-पहचाना व माना जाएगा।

1778

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्याम सिंह राजपुत पिता श्री शम्भु सिंह निवासी-ग्राम निम्बोदिया तहसील जावरा जिला रतलाम मध्यप्रदेश, मैं अपने पुत्र का पुराना नाम युबराज राजपुत (YUBRAJ RAJPUT) (आधार कार्ड एवं शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों के अनुसार) पुत्र श्री श्याम सिंह राजपूत के स्थान पर नया नाम युवराज राजपुत (YUVRAJ RAJPUT) (10 वी की स्कूल मार्कशीट /अंकसूची अनुसार) पुत्र श्री श्याम सिंह राजपूत रख दिया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना -पहचाना जावे।

1777

## मूल दस्तावेज गुम होने संबंधी सूचना

**भूखण्ड नं. 135, स्थित बैरागढ़ कलाँ, वार्ड नं. 02, तह. हुजूर, जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार इण्डिया शेल्टर फाईनेन्स कॉर्पोरेशन लि., प्लॉट नं. 69, तृतीय तल, जे.जे. टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती विजयश्री पत्नी श्री अशोक कुमार ने अपनी 01 संपत्ति जो कि भूखण्ड नं. 135, स्थित बैरागढ़ कलाँ, वार्ड नं. 02, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति का नाप 450 वर्गफिट होकर चर्तुसीमाएं पूरब प्लॉट नं. 134, पश्चिम प्लॉट नं. 136, उत्तर प्लॉट नं. 152 व दक्षिण में- रास्ता है। उक्त संपत्ति श्रीमती विजयश्री के पक्ष में उप-पंजीयक कार्या. भोपाल में ग्रंथ क्र. 36951, दस्ता. क्र. 1802 पर दि. 28-06-11 को रजि. विक्रयपत्र के माध्यम से निष्पादित की गई थी। यह कि उक्त संपत्ति से संबंधित एक मूल पट्टा-पत्र जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पु.क्र. अ-1, ग्रंथ क्र. 20275, दस्ता. क्र. 3706 (क) दि. 05/03/2004 को उप-पंजीयक भोपाल में पट्टाग्रहिता श्री श्याम आ. श्री धर्मदास के पक्ष में निष्पादित हुआ था, की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है जो कई प्रयासों के बाद भी मिल नहीं सकी। गुमशुदगी की सूचना पक्षकार द्वारा संबंधित थाने में दि. 18-09-26 को दर्ज करा दी गई है। FIR की प्रति व संपत्ति से संबंधित आवश्यक दस्तावेज व अनुमतियां मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**मधुसूदन तिवारी, अधिवक्ता**
**कार्या. 161, प्रथम तल, गोपाल भवन, आईसीआईसीआई बैंक के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011**
**मो. 9993294287**

1776

## न्यायालय :-हरप्रसाद बंशकार, द्वितीय जिला न्यायाधीश गंजबासौदा तहसील, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.

**प्रो. क्र. 4720/2026 गंजबासौदा दि. 21/9/26**
**प्र. क्र. 06/2026/MJC GW**

**उपस्थित होने वास्ते नोटिस**

श्रीमती ववीता समैया.....**आवेदक** .....**बनाम**...
**सर्वसाधारण.... अनावेदक**

**बनाम -2 सर्वसाधारण** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका के पति सुमित समैया पुत्र अनिल कुमार निवासी वार्ड नंबर 08 नया बस स्टेण्ड के सामने गंजबासौदा के स्वत्व व अधिपत्य का ग्राम बेहलोट तहसील बासौदा में स्थित एक प्लाट जो कि 40 फिट पूर्व से पश्चिम तथा 20 फिट उत्तर से दक्षिण कुल 800 वर्गफिट का है उक्त प्लाट ग्राम बेहलोट की आराजी क्रमांक 141/2/1/1 रकवा 0.007 हैक्टेयर में सुमित के नाम दर्ज था। आवेदिका के पति सुमित समैया का दिनांक 14.09.2022 को स्वर्गवास हो चुका है। आवेदिका के एक पुत्र चरित्र आयु लगभग 15 वर्ष एवं एक पुत्री चहक आयु लगभग 14 वर्ष के है। आवेदिका के पति की मृत्यु के बाद उक्त प्लाट पर आवेदिका एवं उसके पुत्र व पुत्री का 1/3 भाग पर विधिवत दिनांक 13.03.2026 को तहसीलदार बासौदा के आदेश अनुसार नामांतरण दर्ज हो चुका है। आवेदिका प्रायवेट दुकानो पर सेल्समेन का काम करती है जिसके वेतन से वमुश्किल परिवार का संचालन होता है। अन्य आय का कोई साधन नहीं है। इस कारण परिवार के खर्चों का संचालन एवं दोनो पुत्र पुत्रियो के नियमित इलाज के खर्चों को बहन करने हेतु उपरोक्त प्लाट को विक्रय करना आवश्यक हो गया है। इस हेतु आवेदिका ने आवेदन अंतर्गत धारा 8 अप्राप्त व्यय और संरक्षकता अधिनियम के तहत एक आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनांक 06/10/2026 को नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 06/10/2026 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे।नियत दिनांक 06/10/2026 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। **नोट**:- यदि नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 21/ 09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**हरप्रसाद बंशकार**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश**
**तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र.**

AG

## मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी/कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

**(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./819, दिनांक 05.05.1999)**

**क्रमाक/क्यू/2026/**

**दिनांक 13.09.2026**

### वार्षिक साधारण सभा की सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 28.09.2026, दिन सोमवार को समय दोपहर 1.00 बजे स्थान- संस्था कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर कोरम पूर्ण न होने की दशा में उसी स्थान एवं दिनांक को आधे घंटे के पश्चात बैठक का आयोजन किया जावेगा जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**अध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी/कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

1775

## मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा) मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

**दूरभाष क्र.-0755-2512077, 2512076**

**क्रमांकः एफ 2/2/11/0002/12-1/नाजिर/2310** — **भोपाल, दिनांक 21/09/2026**

### द्वितीय ई-निविदा सूचना

मध्यप्रदेश मंत्रालय में मान. मुख्यमंत्री/मंत्रीगण/अधिकारियों एवं मंत्रालय में संचालित विभिन्न विभागों के शासकीय उपयोगार्थ नाजिर शाखा से संबंधित सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाईन द्वितीय ई-निविदा, ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रूपये 1000/-+ प्रोसेसिंग शुल्क |
| 2. | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि एवं समय | दिनांक 23/09/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से |
| 3. | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 14/10/2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक। |
| 4. | निर्धारित समयावधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड-दिनांक 16/10/2026 को अपरान्ह 01:00 बजे<br>2. फायनेंशियल बिड- दिनांक 16/10/2026 को अपरान्ह 01:30 बजे |
| 5. | प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान/निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक 116 (समिति कक्ष) वल्लभ भवन क्रमांक-01, भोपाल |

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगे। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**(मनोज श्रीवास्तव)**
**अवर सचिव (अधीक्षण)**
**मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग**

जी-19079/26